नई दिल्ली, सोमवार
8 नवंबर, 2021
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 12+4=16

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

पीएम 25 को करेंगे नोएडा एयरपोर्ट का शिलान्यास

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडाः देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास 25 नवंबर को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिलान्यास करेंगे। समारोह स्थल पर प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम का कार्यक्रम तय होते ही पुलिस, प्रशासन व यमुना प्राधिकरण सक्रिय हो गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शिलान्यास का काफी समय से इंतजार किया जा रहा था। कई बार एयरपोर्ट के शिलान्यास को लेकर तारीख तय होने की अटकलें लगीं, लेकिन हर बार निराधार साबित हुई। अब प्रधानमंत्री कार्यालय से एयरपोर्ट के शिलान्यास के लिए 25 नवंबर की तारीख तय कर दी गई है। कार्यक्रम में कई केंद्रीय व प्रदेश सरकार के मंत्री के साथ गौतमबुद्ध नगर के साथ आसपास के जिलों के लोग भी शामिल होंगे।

विकासकर्ता कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल को समझौते के तहत 29 सितंबर, 2024 तक एयरपोर्ट का कार्य पूरा करना होगा। एयरपोर्ट संचालन के लिए कंपनी को चालीस साल के लिए लाइसेंस दिया गया है। एक अक्टूबर, 2021 से यह समय शुरू हो चुका है। यात्री सेवाओं की शुरुआत में सालाना एक करोड़ बीस लाख लोग नोएडा एयरपोर्ट से यात्रा करेंगे। प्रदेश सरकार को संचालन शुरू होने के सातवें वर्ष से एयरपोर्ट से राजस्व मिलना शुरू होगा। इसमें प्रदेश सरकार के साथ नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण की भी हिस्सेदारी होगी।

अच्छी खबर

- देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा, दस हजार 56 करोड़ की लागत से पूरा होगा पहला चरण
- समझौते के तहत कंपनी को 29 सितंबर, 2024 तक पूरा करना होगा एयरपोर्ट का कार्य
- ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल को संचालन के लिए मिला है चालीस साल का लाइसेंस

एयरपोर्ट के शिलान्यास के लिए 25 नवंबर की तारीख तय हो गई है। अभी इसका अधिकारिक पत्र मिलना शेष है।

-डा. अरुणवीर सिंह, सीईओ, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. एवं यमुना प्राधिकरण

संबंधित खबर >> जागरण सिटी